Class X Hindi

Question Bank

**पाठ बड़े भाई साहब**

1.बड़े भाई साहब कहानी का बड़ा भाई शिक्षा को 'रटंत ज्ञान' और 'बे सिर पैर की बातें' मानता है, जिनका व्यवहारिक जीवन में कोई अर्थ नहीं। इस संदर्भ में आपका क्या विचार हैं? तर्क पूर्ण उत्तर दीजिए।

2.'बड़े भाई साहब' कहानी में आपने पढ़ा कि छोटा भाई कक्षा में अव्वल दर्जे से पास हो रहा था और बड़े भाई साहब असफल, फिर भी वह बड़े भाई की नजरों से बचकर अपने खेल संबंधी शौक पूरे करता था इसके पीछे क्या कारण रहे होंगे?

3.छोटे भाई को बड़े भाई की किन बातों से लघुता का अनुभव हुआ और क्यों?

4.बड़े भाई साहब के विचारानुसार आधुनिक शिक्षा प्रणाली दोषपूर्ण है। वह इसमें क्या-क्या दोष बताता है?

5.आकर्षण छोटे भाई को कहां-कहां ले जाता था और क्या-क्या करवाता था? कहानी बड़े भाई साहब के आधार पर लिखिए।

**पाठ डायरी का एक पन्ना**

1.बड़े बाजार की प्रायः मकान पर राष्ट्रीय झंडा फहराने के क्या कारण थे?

2.बंगाल के नाम पर क्या कलंक था? और वह कैसे धुला? 'डायरी का एक पन्ना' पाठ के आधार पर लिखिए।

3.जुलूस निकालने वालों तथा झंडा फहराने वालों के साथ पुलिस कैसा व्यवहार कर रही थी? पाठ 'डायरी का पन्ना' पाठ के आधार पर लिखिए।

4.'डायरी का एक पन्ना' पाठ भावीं पीढ़ी को कैसे प्रेरित करता है?

5.डायरी का एक पन्ना पाठ के आधार पर 26 जनवरी 1931 को कोलकाता में हुई गतिविधियों की एक रिपोर्ट प्रस्तुत कीजिए।

**पाठ तताँरा वामीरो कथा**

1.तताँरा वामीरो कथा पाठ के आधार पर पशु पर्व में होने वाली घटना का उल्लेख कीजिए।

2.गांव वाले तथा परिवार वाले तताँरा वामीरो के रिश्ते के विरुद्ध क्यों थे?

3.पाठ के आधार पर तताँरा का चरित्र चित्रण कीजिए।

4.पाठ के आधार पर वामीरो का चरित्र चित्रण कीजिए।

5.तताँरा और वामीरो की मृत्यु कैसे हुई? पाठ के आधार पर लिखिए।

**पाठ तीसरी कसम के शिल्पकार शैलेंद्र**

1.तीसरी कसम फिल्म में कौन-कौन से जीवन मूल्य उभर कर सामने आए हैं?

2.तीसरी कसम फिल्म को किन कारणों से अब तक याद किया जाता है?

3.शैलेंद्र के गीतों की क्या विशेषताएं हैं? अपने शब्दों में लिखिए।

4.फिल्म निर्माता के रूप में शैलेंद्र की विशेषताओं पर प्रकाश डालिए।

5.राज कपूर द्वारा फिल्म की असफलता के खतरों से आगाह किए जाने के बावजूद शैलेंद्र ने यह फिल्म क्यों बनाई?

**पाठ आप कहां दूसरों के दुख से दुखी होने वाले**

1.अब कहां दूसरों के दुख से दुखी होने वाले पाठ का प्रतिपाद्य स्पष्ट कीजिए।

2.मैं किसी के लिए मुसीबत नहीं हूं सबके लिए मोहब्बत हूं लेखक इस पंक्ति के माध्यम से क्या संदेश देना चाहता है?

3.अब कहां दूसरों के दुख से दुखी होने वाले पाठ के आधार पर बताइए की प्रकृति में असंतुलन क्यों हो रहा है? इसका मुख्य कारण क्या है।

4.निदा फ़ाज़ली अपनी मां और पत्नी द्वारा जीव जंतुओं के साथ किए जाने वाले व्यवहार के अंतर से क्या कहना चाहते हैं? 'अब कहां दूसरों के दुख से दुखी होने वाले' पाठ के संदर्भ में लिखिए।

5.बढ़ती हुई आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए किए गए मानवीय क्रियाकलापों ने प्रकृति को नकारात्मक रूप में प्रभावित कर उसे और असंतुलित किया है। प्रकृति के इस असंतुलन का मानवीय जीवन पर क्या प्रभाव पड़ा है? अब कहां दूसरों के दुख से दुखी होने वाले पाठ के संदर्भ में लिखिए।

**पतझड़ में टूटी पत्तियां**

1.पतझड़ में टूटी पत्तियां के लेखक के अनुसार सत्य केवल वर्तमान है। उसी में जीना चाहिए। क्या आप लेखक के विचार से सहमत हैं? अपने पक्ष के समर्थन या विरोध में तर्क सहित उत्तर दीजिए।

2.झेन की देन पाठ में  लिखित चाय पीने की विधि को जापानी में क्या कहते हैं? जापान में जहां यह चाय पिलाई जाती है उस स्थान की क्या विशेषता है?

3.गिन्नी का सोना पाठ का प्रतिपाद्य स्पष्ट कीजिए।

4.गांधी जी किस प्रकार के व्यक्ति थे? स्पष्ट कीजिए।

5.गांधी जी ने कैसे सत्य अहिंसा को अपना हथियार बनाया? गिन्नी का सोना पाठ के आधार पर लिखिए।

6.लेखक ने व्यावहारिकता को समाज के लिए अच्छा क्यों नहीं माना है?

**पाठ कारतूस**

1.वजीर अली ने कर्नल को कैसे मात दी? कारतूस एकांकी के आधार पर लिखिए।

2.कारतूस एकांकी  के आधार पर वजीर अली का चरित्र चित्रण कीजिए।

3.कारतूस एकांकी के आधार पर स्पष्ट कीजिए की सहादत अली वजीर अली का सगा चाचा होते हुए भी उससे नफरत क्यों करता था?

4.वजीर अली सच्चे भायने में जांबाज सिपाही था। कथन की पुष्टि कीजिए।

5.पाठ्यक्रम में पढ़ी एकांकी द्वारा सिद्ध कीजिए की मुट्ठी भर आदमी भी बड़ी फौज पर काबू पा सकते हैं।

**कबीर के दोहे**

1.कबीर ने निंदक को पास रखने की सलाह क्यों दी है? क्या यह सलाह आपको उचित प्रतीत होती है? कारण सहित स्पष्ट कीजिए।

2.कबीर ने अपनी सखियों के जरिए ढोंग पर किस प्रकार चोट की है?

3.कबीर की सखियों से कौन-कौन से जीवन मूल्य उभरते हैं?

4.कबीर के अनुसार ईश्वर का वास कहां होता है?

5.कबीर की भाषा शैली पर प्रकाश डालिए?

**मीरा के पद**

1. कवयित्री मीरा ने प्रभु कृष्ण के दर्शन पाने के लिए किस युक्ति का सहारा लिया है?
2. मीरा ने हरी से लोगों की अपनी पीड़ा हरने की प्रार्थना करते समय कौन-कौन से उदाहरण दिए हैं?

3. मीरा की भक्ति भावना पर प्रकाश डालिए।

4.मीरा के काव्य का मूल स्वर प्रेम है कैसे?

**कविता मनुष्यता**

1. मनुष्यता कविता में कैसी मृत्यु को सु मृत्यु कहा गया है? और क्यों?

2. कवि के अनुसार मनुष्य कब अहंकारी बन जाता है? और क्यों?

3. मनुष्य वृत्ति किस प्रकार की होती है?

4.मनुष्यता कविता से हमें जीवन में क्या सीख मिलती है?

**कविता पर्वत प्रदेश में पावस**

1. पर्वतीय प्रदेश में वर्षा के सौंदर्य का वर्णन 'पर्वत प्रदेश में पावस' कविता के आधार पर कीजिए।
2. कवि पंत ने 'पर्वत प्रदेश में पावस' कविता में तालाब की समानता किसके साथ दिखाई है? और क्यों?
3. बादलों में पर्वत के छुप जाने पर कवि ने क्या कल्पना की है?
4. पर्वत का कवि ने किस प्रकार मानवीकरण किया है?

**कविता तोप**

1. तोप कविता का प्रतिपाद्य अपने शब्दों में लिखिए।

2. तोप शीर्षक कविता का भाव समझते हुए इसका गद्य में रूपांतरण कीजिए।

3. तोप कविता का संदेश स्पष्ट कीजिए।

4. तोप कविता के दो प्रतीक कौन-कौन से हैं?

**कविता कर चले हम फिदा**

1. 'कर चले हम फिदा' कविता के द्वारा कवि हमें क्या संदेश देता है?

2. 'कर चले हम फिदा' कविता में शीर्षक की सार्थकता स्पष्ट कीजिए।

3. 'कर चले हम फिदा' गीत की पृष्ठभूमि क्या है?

4. सैनिक जीवन की चुनौतियों पर एक लघु निबंध लिखिए।

**कविता आत्मत्राण**

1. ‘आत्मत्राण’ कविता का प्रतिपाद्य स्पष्ट कीजिए।
2. ‘आत्मत्राण’ कविता में क्या संदेश निहित है?
3. ‘आत्मत्राण’ कविता के शीर्षक की सार्थकता स्पष्ट कीजिए।

4.‘आत्मत्राण’ कविता में सहायक के न मिलने पर कवि क्या प्रार्थना करता है?

**पाठ हरिहर काका**

1.आपके विचार से हरिहर काका की संपत्ति किसे मिलनी चाहिए? अपने मत के समर्थन में तर्क भी दीजिए।

2.लेखक हरिहर काका की जिंदगी से बहुत गहरे से जुड़ा है कैसे? क्या आप किसी बुजुर्ग व्यक्ति की जिंदगी से जुड़े हैं? अपना अनुभव बताइए।

3.अंत में हरिहर काका द्वारा जमीन के संदर्भ में लिया जाने वाला निर्णय क्या था और वह परिवार के मूल्यों को किस परिस्थिति में प्रभावित करता है और कैसे? यह स्थिति हर व्यक्ति को क्या संदेश प्रदान करती है?

4.हरिहर काका कहानी पारिवारिक जीवन में घर कर चुकी स्वार्थपरता और हिंसा प्रवृत्ति को बेनकाब करती है। तर्क संगत उत्तर दीजिए।

**पाठ सपनों के से दिन**

1.सपनों के से दिन पाठ में बच्चों को स्कूल जाना बिल्कुल भी पसंद नहीं था क्यों? कारण सहित उत्तर स्पष्ट करते हुए बताइए की स्कूल जाने के संबंध में आपका क्या अनुभव है?

2.सपनों के से दिन पाठ में बच्चों को अनुशासन में रखने के लिए माता-पिता भाई बहनों और अध्यापकों द्वारा मारपीट करने का जिक्र आया है। वर्तमान समय में इसमें क्या परिवर्तन आया है आपकी दृष्टि में कौन सा तरीका अधिक बेहतर है?

3.वर्तमान में विद्यालयों में बढ़ती हुई अनुशासनहीनता को देखते हुए मास्टर प्रीतम चंद जैसे अध्यापकों की आवश्यकता है। इस कथन से सहमति या असहमति के संबंध में अपने अपने तर्कसंगत विचार लिखिए।

4.सपनों के से दिन पाठ में हेड मास्टर शर्मा जी की बच्चों को मारने पीटने वाले अध्यापकों के प्रति क्या धारणा थी? जीवन मूल्यों के संदर्भ में उसके औचित्य पर अपने विचार लिखिए।

**टोपी शुक्ला**

1.ठाकुर हरि नाम सिंह के तीनों लड़कों को एहसास था कि वह कलेक्टर के बेटे हैं। लेखक द्वारा ऐसा कहा जाना ठाकुर हरि नाम सिंह के तीनों बेटों और टोपी के विषय में किस विचारधारा को स्पष्ट करता है?

2. इफ्फन के पिता के तबादले के बाद टोपी शुक्ला का कोई और मित्र क्यों नहीं बन सका? इसका उसके बालमन पर क्या प्रभाव पड़ा?

3.टोपी शुक्ला अपनी दादी को नापसंद क्यों करता था? पाठ के आधार पर लिखिए।

4.टोपी को मुन्नी बाबू का पुराना कोट दिया जाना कहां तक उचित था? टोपी की प्रतिक्रिया पर अपने विचार प्रकट कीजिए।

5.टोपी शुक्ला पाठ में लेखक क्या कहना चाहता है?